उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर
अनूपशहर, बुधवार, 23 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

गणपति महोत्सव में भक्तों ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की गई।



संवाददाता खुशांत गुप्ता छाता नगर के मैंन बाजार स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान गणपति बप्पा की गणेश भक्तों ने की पूजा अर्चना जानकारी देते हुए देवकी नंदन पुजारी ने बताया 11 दिवसीय विराजमान हुए गणपति बप्पा की समाज के सभी भक्तों के द्वारा रोजाना पूजा की जाती है। रोजाना गणपति जी को मोदक और दूर्वा से सहस्त्रार्चन विशेष वैदिक मंत्रों से किया जाता है महिला भक्तों के द्वारा संध्या में गणपति जी सम्मुख भजन संध्या का आयोजन किया जाता है जिसमें महिला भक्तों भाव विभोर होकर भजन गायन करती है ।उपस्थित जनों में गौरव आचार्य,अजय कुमार गुप्ता निखिल वार्ष्णेय हरीबाबू मोहित तन्नू आदित्य गुप्ता रिंकू वार्ष्णेय वंदना मीनू आराधना सीमा पूनम वार्ष्णेय दिव्यांश नैतिक गुप्ता आकाश मुकेश ठाकुर मनीष बजाज भारत सोनी ने मिलकर गणपति बप्पा की पूजा की।

एक नज़र में

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 24 सितंबर को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित।



संवाददाता हरिपाल सिंह जिलामंत्री ठाकुर सुरेश तरकर ने प्रतियोगिता का किया अवलोकन। फरह। भारतीय जनता पार्टी जिला मथुरा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलामंत्री ठाकुर सुरेश तरकर ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में प्रवास कर प्रतियोगिता का अवलोकन किया।

देश

सेवा संकल्प अभियान के तहत 24 सितंबर को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर।



संवाददाता हरिपाल सिंह फरह। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गोस्वामी चिकित्सालय, दौलतपुर रोड, दीनदयाल धाम में 24 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन गोस्वामी चिकित्सालय, दीनदयाल धाम एवं सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान हृदय रोग, हड्डी रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर की जानकारी क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।